दैनिक
# जयवर्द्धन
पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - जीवन को राह से भटका देती है अनियंत्रित इच्छाएं: पं. जैन



वर्ष - 01 | अंक - 61 | राजसमंद - मंगलवार, 22 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

## राजसमंद, आमेट व नाथद्वारा में भाजपा का बोर्ड बनने पर आतिशबाजी : कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** नगर परिषद राजसमंद, आमेट एवं नाथद्वारा नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बनने की खुशी में भाजपा जिला कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने तीनों निकायों की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति जनता ने अपनी मुहर लगाई है।

कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक पहुंचकर पार्टी की विचारधारा को पहुंचाया, जिससे तीनों निकायों में कमल खिला है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष माधवलाल चौधरी, महेंद्रसिंह चौहान, वर्धिनी पुरोहित, मुरारी आशिया, दिनेश कुमावत, महेश आचार्य, प्रमोद गौड़, जवाहरलाल जाट, भरत पालीवाल, पूजा बंग, ओम पारीक, हर्षित पालीवाल, मोहन सिंह चौहान, सोना सिंह, दुर्गेश पालीवाल, मोनिका जोशी और भावेश कुमावत सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजसमंद, आमेट व नाथद्वारा में भाजपा बोर्ड : जनता के विश्वास की जीत : पालीवाल




जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद राजसमंद, आमेट नगर पालिका एवं नाथद्वारा नगर पालिका में भाजपा के बोर्ड बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने क्षेत्र की देवतुल्य जनता, नवनिर्वाचित पार्षदों एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि तीनों निकायों में भाजपा को मिला जनसमर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और भाजपा संगठन की मजबूत कार्यप्रणाली में जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। पालीवाल ने कहा कि भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित मूलभूत नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे। तीनों निकायों में पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से कार्य करते हुए शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं पार्षदों को कहा कि जनता ने जो विश्वास भाजपा को सौंपा है, उसे विकास कार्यों के माध्यम से मजबूत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने चुनाव में दिन-रात मेहनत करने वाले सभी पदाधिकारियों, बूथ कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार जताया। इस दौरान चुनाव प्रभारी सुशील कटारा, महेन्द्रसिंह चौहान मौजूद थे।

## राजसमंद नगर परिषद में भाजपा की सफलता जनविश्वास की अभिव्यक्ति : विधायक माहेश्वरी

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद**। नगर परिषद राजसमंद के सभापति पद पर अनीता पालीवाल के भारी बहुमत से निर्वाचित होने पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता राजसमंद की जनता के विश्वास और भाजपा के सशक्त संगठन की कार्यक्षमता का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अनीता पालीवाल के नेतृत्व में नगर परिषद विकास और जनसेवा के कार्यों को नई गति देगी। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा बोर्ड की सफलता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, निष्ठा और संगठनात्मक एकजुटता की अभिव्यक्ति है। इस सफलता में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच रहकर पार्टी के विकास और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राजसमंद का समग्र, संतुलित और योजनाबद्ध विकास भाजपा बोर्ड की प्राथमिकता रहेगा।

स्वच्छता, सड़क, पेयजल, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा की सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन, विकास एवं जनकल्याण की नीतियों के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने सभापति अनीता पालीवाल को नगर परिषद के नए बोर्ड के सफल कार्यकाल की कामना की।

## साकरोदा में 24 श्रेणी पालीवाल समाज का 23वां प्रतिभा अलंकरण समारोह संपन्न



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति के तत्त्वावधान में तथा पालीवाल फाउंडेशन के संयोजन से समाज का 23वां प्रतिभा अलंकरण समारोह साकरोदा स्थित श्रीताकाजी बावजी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विविध क्षेत्रों में समाज का गौरव बढ़ाने वाली लगभग 260 मेधावी प्रतिभाओं, नवनियुक्त कार्मिकों एवं सेवानिवृत्त समाजसेवियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णगोपाल पालीवाल, अतिथि इंदौर पालीवाल समाज के अध्यक्ष राकेश जोशी थे। जबकि अध्यक्षता सेवा समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल ने की। संयोजक देवीलाल पालीवाल ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, बैग, इकलाई व नकद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना एवं सुमधुर स्वागत गान के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का स्वागत पदाधिकारियों ने किया। समिति के महामंत्री भगवतीलाल पालीवाल ने प्रास्ताविक एवं स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। संचालन फाउंडेशन अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने किया।

### सटीक लक्ष्य निर्धारण एवं सतत अध्ययन ही सफलता की कुंजीः डॉ उदय पालीवाल

करियर मार्गदर्शन विशेषज्ञ डॉ उदय पालीवाल ने प्रतिभाओं से कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल उपाधि अर्जित करना पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को अपनी स्वाभाविक अभिरुचि, बौद्धिक क्षमता एवं दूरगामी दृष्टिकोण के आधार पर ही कार्यक्षेत्र का चयन करना चाहिए। उन्होंने युवा शक्ति से तकनीकी दक्षता विकसित करने, सतत अध्ययनशील रहने तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में बद्रीलाल पालीवाल ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति और समृद्धि उसकी सुशिक्षित तथा संस्कारवान युवा पीढ़ी पर निर्भर करती है।

### विशिष्ट प्रतिभाओं का बहुमान एवं व्यापक उपस्थिति

समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अतिरिक्त नवनियुक्त लोकसेवकों तथा राजकीय व निजी सेवाओं से निष्कलंक सेवानिवृत्त हुए समाजजनों को मानपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा समिति उपाध्यक्ष ओंकारलाल, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार, संगठन मंत्री प्रकाश, सत्यनारायण केसुली, नाथद्वारा समाज अध्यक्ष गिरिराज जोशी, काशीराम पालीवाल, श्रवण डी जोशी, मुंबई से भूरालाल पालीवाल, छगनलाल मोरवड़, दिनेश जावद, रामलाल माची की भागल, पूर्व महामंत्री सत्यनारायण सालोर, छगनलाल पिपलांत्री, चंद्रकांत ओडन, सुरेशचंद्र, जानकीलाल, धर्मनारायण, बालकृष्ण, देवीलाल, प्रेमशंकर, गिरिजाशंकर, धर्मचंद, शशिकांत, मनोज, राजेश, गिरीश, मनीष, किशन, अनिल, विनोद एवं सुखलाल बंशीलाल नितिन हर्षित सहित समाजजन मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है।

## मुंबई के जवेरी बाजार में डकैती की योजना बना रहे दो बदमाश गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

### देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

**राजसमंद-देलवाड़ा।** एटीएस यूनिट उदयपुर की गुप्त सूचना पर देलवाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल, मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद करते हुए वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली अर्टिगा कार को जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी मुंबई के प्रसिद्ध जवेरी बाजार स्थित एक ज्वैलरी शोरूम में सोने की बड़ी डकैती डालने की फिराक में जा रहे थे। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के




लिए चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के दौरान एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में थानाधिकारी सुखदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाकाबंदी की। इस दौरान एक संदिग्ध अर्टिगा कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में सिरोही निवासी रमेश कुमार के कब्जे से तीन जिंदा कारतूस और जोधपुर निवासी रामसिंह के कब्जे से देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद हुई। हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं होने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि वे मुंबई के जवेरी बाजार में स्थित सोने के शोरूम में लूट की नीयत से जा रहे थे। आरोपियों ने यह हथियार दांतराई (सिरोही) निवासी शिशुपाल सिंह से खरीदना स्वीकार किया है।

दोनों आरोपियों का रहा है गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस पड़ताल में सामने आया कि गिरफ्तार रमेश कुमार (23) पुत्र प्रकाश कुमार जणवा निवासी खाकरवाड़ा सिरोही के खिलाफ पॉक्सो, आबकारी एक्ट, मारपीट व हत्या के प्रयास जैसे 5 गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरा आरोपी रामसिंह (28) पुत्र शंकरसिंह भाटी निवासी अरटिया खुर्द जोधपुर भी आदतन अपराधी है। रामसिंह के खिलाफ बेंगलुरु, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न थानों में डकैती, फायरिंग व आर्म्स एक्ट के 5 मामले दर्ज हैं। रामसिंह पूर्व में बेंगलुरु के एक ज्वैलर्स शोरूम से लगभग साढ़े 3 किलो सोना, 15 किलो चांदी और नकदी लूट की वारदात में शामिल रह चुका है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। मामले की जांच खमनोर थानाधिकारी नरेंद्र सिंह द्वारा की जाएगी। इस सफल कार्यवाही में वृताधिकारी शिप्रा राजावत, थानाधिकारी सुखदेव सिंह, सहायक उप निरीक्षक रामचन्द्र, कांस्टेबल विनोद कुमार, रोहिताश कुमार, मुकेश कुमार, धनराज, ईश्वर, पुष्पेन्द्रसिंह, सउनि थाना नाथद्वारा हंसराज, सउनि साइबर सैल शम्भु प्रताप सिंह एवं कानि. साइबर सैल ओमप्रकाश की सराहनीय भूमिका रही।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### जल ही जीवन

भारत में पानी को लेकर चिंता कोई नई बात नहीं है, लेकिन हर वर्ष बदलती परिस्थितियां इस चिंता को और गंभीर बना रही हैं। कहीं बारिश का पानी कुछ ही घंटों में सड़कों पर बहता दिखाई देता है तो कहीं वर्षा की कमी के कारण खेत सूखने लगते हैं। कहीं बाढ़ की स्थिति बन जाती है तो कहीं गर्मी शुरू होते ही लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। एक ही समय में पानी की अधिकता और पानी की कमी का यह विरोधाभास हमें अपनी जल व्यवस्था पर गंभीरता से सोचने के लिए मजबूर करता है।

हम अक्सर पानी की समस्या को केवल प्राकृतिक समस्या मान लेते हैं। बारिश कम हुई तो सूखा पड़ गया और बारिश अधिक हुई तो बाढ़ आ गई। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक व्यापक है। पानी की उपलब्धता जितनी महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका प्रबंधन है। यदि बारिश का पानी हमारे पास आता है और हम उसे रोक नहीं पाते, जमीन में नहीं उतार पाते और भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं कर पाते तो केवल अच्छी बारिश होना भी पर्याप्त नहीं है।

हमारे गांवों और शहरों में जल संरक्षण की परंपरा बहुत पुरानी रही है। तालाब, बावड़ियां, कुएं और छोटे जलाशय कभी स्थानीय जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करते थे। गांवों में बने तालाब केवल पानी के स्रोत नहीं थे, बल्कि वे पूरे क्षेत्र के जल संतुलन को बनाए रखने में भूमिका निभाते थे। समय के साथ बढ़ते शहरीकरण, अतिक्रमण और बदलती जीवनशैली के कारण अनेक पुराने जलस्रोत उपेक्षा का शिकार होते गए। कई जगह तालाब सिकुड़ गए, कई जगह उनका प्राकृतिक जल प्रवाह बंद हो गया और अनेक जलस्रोत कागजों में तो मौजूद हैं, लेकिन जमीन पर उनका अस्तित्व कमजोर पड़ गया है।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता पुराने जलस्रोतों को बचाने के साथ नए जलस्रोत तैयार करने की है। वर्षा जल संचयन को केवल भवन निर्माण की औपचारिक शर्त नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान बनाना होगा। घरों, विद्यालयों, सरकारी भवनों, औद्योगिक संस्थानों और व्यावसायिक परिसरों में वर्षा के पानी को जमीन में उतारने की व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू की जा सकती है। इससे भूजल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और भविष्य की पानी की जरूरतों का दबाव भी कुछ कम हो सकता है।

शहरों में जल संकट का एक बड़ा कारण यह भी है कि हमने जमीन को लगातार पक्का कर दिया है। सड़कें, भवन, बाजार और पार्किंग क्षेत्र बढ़ते जा रहे हैं। बारिश का पानी जमीन में जाने के बजाय नालियों के माध्यम से बाहर निकल जाता है। कुछ घंटे बाद सड़कें पानी से भर जाती हैं और बारिश खत्म होते ही वही शहर पानी की कमी की चिंता करने लगता है। यह स्थिति बताती है कि समस्या केवल बारिश की नहीं, बल्कि बारिश के पानी के सही उपयोग की भी है।

पानी की बर्बादी को लेकर भी समाज को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। घर में नल खुला छोड़ देना, जरूरत से अधिक पानी बहाना, वाहनों की अनावश्यक धुलाई करना या साफ पानी का ऐसे कामों में इस्तेमाल करना जिनके लिए कम गुणवत्ता वाले पानी का उपयोग किया जा सकता है, ये छोटी बातें लग सकती हैं लेकिन करोड़ों लोगों के स्तर पर इनका प्रभाव बड़ा होता है।

कृषि क्षेत्र में भी पानी के उपयोग को लेकर गंभीरता की आवश्यकता है। देश की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है और खेती के लिए पानी की आवश्यकता स्वाभाविक है। लेकिन ऐसे क्षेत्रों में जहां जल उपलब्धता सीमित है, वहां फसलों के चयन, सिंचाई की पद्धति और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली तकनीकों और सूक्ष्म सिंचाई जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

# राजस्थान जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का हुआ समापन

## - जयपुर के खिलाड़ियों का दबदबा, नेशनल के लिए गंगटोक जाएगी टीम

जयवर्द्धन न्यूज



**राजसमंद।** द मेवाड़ क्लब में आयोजित राजस्थान जूनियर स्टेट चैंपियनशिप 2026 का सोमवार को सभी आयु वर्गों के फाइनल मुकाबलों के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें जयपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा। प्रतियोगिता के एकल बालक वर्ग में जयपुर के भानुप्रताप ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जयपुर के ही गर्वित बखर दूसरे स्थान पर रहे। जगजीत काजल और विशाल चौधरी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। एकल बालिका वर्ग में जयपुर की सौम्या भटनागर प्रथम और अन्वी राठौड़ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि बीकानेर की काव्या स्वामी और उदयपुर की नेहाल सिसोदिया ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। युगल वर्ग के मुकाबलों में बालक युगल वर्ग से जयपुर के अर्णव शर्मा और जगजीत की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जयपुर के जयवर्धन सिंह और जिले के शिवम हाड़ा की जोड़ी उपविजेता (द्वितीय)रही। श्रेयांश चौधरी व व्यंग लम्बा तथा हरमन पंडित व कदप शर्मा की जोड़ियां तीसरे स्थान पर रहीं। बालिका युगल वर्ग में बीकानेर की काव्या स्वामी और टोंक की शेरिल चौधरी की जोड़ी विजेता बनी, जबकि जोधपुर की मोक्षिता भारद्वाज, गरिमा यादव, ओजस्विता दुबे तथा आराध्या जोधा व देशना जैन उपविजेता रहीं। मिक्स युगल वर्ग में जोधपुर के यश सोनी और मोक्षिता भारद्वाज की जोड़ी ने पहला स्थान प्राप्त किया, जयवर्धन सिंह व शेरिल चौधरी की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही, वहीं गर्वित बखर व नेहाल सिसोदिया तथा अर्णव मिश्रा व जोशिका प्रजापत की जोड़ियां संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। बैडमिंटन कोच राजसिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट के आधार पर चयनित राजस्थान की टीम 14 से 21 नवंबर तक गंगटोक (सिक्किम) में आयोजित होने वाली नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। समापन समारोह के दौरान अध्यक्ष सुनील तापड़िया, सचिव भूपेंद्र चोरडिया, कैलाश चौधरी, राजकुमार सोनी, सुनील गोयल, फतेहलाल टाक, पुष्पराज उपाध्याय, श्यामसिंह चौहान, महेंद्र टेलर, अनिल शर्मा, प्रदीप तेलंग, संजय सांगानेरिया, मुकेश चौधरी और यशपाल नवलखा सहित खेलप्रेमी मौजूद थे।

# साकेत संस्थान ने मनाया रजत जयंती महोत्सव समारोह

जयवर्द्धन न्यूज



**राजसमंद।** साहित्य, शिक्षा, संगीत, संस्कृति और संस्कार को समर्पित साकेत साहित्य संस्थान राजसमंद की गौरवमयी 25 वर्षीय साहित्यिक यात्रा पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह का शुभारंभ कंचन राठौड़ के मां सरस्वती की वंदना से हुआ। उसके पश्चात अतिथियों द्वारा साकेत संस्थान की नवीनतम प्रकाशित पुस्तक मेरा गांव - मेरा गौरव का विमोचन किया गया। समारोह के दौरान साकेत संस्थान के समस्त पूर्व पदाधिकारियों, विगत 5 वर्षों में जिन साहित्यकारों की पुस्तकें प्रकाशित हुई उनको तथा साकेत के विकास में विशेष सहयोगी संस्थापक सदस्यों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुभाष स्कूल के निदेशक नारायणलाल कुमावत का अपने विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। 'संस्थान महासचिव कमल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्रसिंह राव, विशिष्ट अतिथि डॉ चंद्रकांता बंसल, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राकेश तैलंग, उदयपुर की युगधारा संस्था के अध्यक्ष शिक्षाविद प्रकाश तातेड, वरिष्ठ साहित्यकार माधव नागदा, जगदीश चंद जोशी थे जबकि अध्यक्षता डॉ भैरूलाल गर्ग ने की। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार चतुर कोठारी, प्रमोद सनाढ्य, श्याम मठवाल, सम्पत उजाला, विजयसिंह राव, सतीश आचार्य, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष शंकर माली, डॉ भगवानलाल बंशीवाल, मनोज पोरवाड़, नीतू बाफना, देवकिशन मेघांश, राजेंद्रसिंह चारण, शिवदास वैरागी, गणेशलाल कुमावत, कमलेश टेलर, धर्मेन्द्र सालवी, मदनलाल जोशी, सार्थक, उत्सव जैन, ओम उज्जवल, बंशीलाल लड्ढा, मोहनलाल रैगर, सत्यनारायण सत्य, देवकीनन्दन नंदवाना, शकुंतला पामेचा, ज्योत्सना पोखरना, वीरेंद्रसिंह चुंडावत, हरिनारायण डाबी सहित साहित्यकार और कलाप्रेमी मौजूद थे। साकेत साहित्य संस्थान की 25 वर्ष की यात्रा उत्सव को बनाया गौरवपूर्ण समारोह में राजसमंद और राज्य के विभिन्न जिलों में निवासरत संस्थान के कई वरिष्ठ प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि और सदस्य ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभित किया तथा साकेत साहित्य संस्थान की 25 वर्ष की यात्रा के उत्सव को ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बनाया। उपाध्यक्ष नारायणसिंह राव ने साकेत के सफर को अभिव्यक्त करते हुए अब तक प्रकाशित पुस्तकों और प्रमुख कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष वीणा वैष्णव, उपाध्यक्ष नारायणसिंह राव, महासचिव कमल अग्रवाल, साहित्य प्रमुख कुसुम अग्रवाल, सह सचिव दिनेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी अन्नू राठौड़, रुद्रांजली, आईटी सेल प्रभारी माधव जटिया तथा पुस्तक मेरा गांव मेरा गौरव के संपादक डॉ संपत रेगर एवं सह-संपादक चंद्रशेखर नारलाई उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुरेन्द्रसिंह राव ने कहा कि साहित्य को यथार्थ साहित्य ही रहने दिया जाए, विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश तैलंग ने कहा कि साकेत साहित्य संस्थान जनजागरुकता के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभा रहा हैं। डॉ चंद्रकांता ने सभी साहित्यकारों से निवेदन किया आप सभी जहां रहे अपने ज्ञान और लेखनी से दीपिमान रहें। अंत में आभार अध्यक्ष वैष्णव ने व्यक्त किया।

# पुलिया निर्माण की धीमी गति से ग्रामीणों में आक्रोश, एक माह से आवागमन प्रभावित

## - मोही पुलिया निर्माण की धीमी गति से ग्रामीण परेशान

जयवर्द्धन न्यूज



**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही गांव के आचार्य निरंजन नाथ चौराहा बस स्टैंड के पास बांडी नाल में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य की धीमी गति से ग्रामीणों में आक्रोश है। करीब एक माह से निर्माण कार्य चलने के बावजूद कार्य पूरा नहीं होने से मोही से आचार्यन राज्यावास जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। मार्ग को डायवर्ट किए जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को डायवर्ट मार्ग पर एक वाहन खराब हो जाने से कुछ समय के लिए पूरा रास्ता बाधित हो गया। वहीं कस्बे में जलदाय विभाग की नई पाइपलाइन डालने के लिए जगह-जगह सड़क खोदने से भी आवागमन प्रभावित है। सड़कों पर बने गड्ढों के कारण दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही है तथा कई बार वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण और पाइपलाइन डालने के कार्य को जल्द पूरा कर मार्ग को सुचारू किया जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य में गति लाने और जगह-जगह खोदे गए गड्ढों को भरवाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

# बादल छाए, बूंदें गिरीं पर तरस गए लोग : राजसमंद में उमस का टॉर्चर

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** जिले में मौसम का मिजाज इन दिनों लोगों का कड़ा इम्तिहान ले रहा है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही रही, लेकिन बरसने के नाम पर सिर्फ हल्की बूंदाबांदी होकर रह गई। बारिश के नाम पर हुई इस रस्म अदायगी ने राहत देने के बजाय शहर का पारा और बढ़ा दिया। दिनभर हवा थमने और तीखी उमस के कारण लोग पसीने से तर-बतर नजर आए और आमजन इस असहनीय उमस से खासे परेशान दिखे।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। भले ही पारे का आंकड़ा बहुत ज्यादा न दिख रहा हो, लेकिन हवा में नमी के ऊंचे स्तर ने ऐसा स्टीम बाथ वाला माहौल बना दिया है कि पंखे और कूलर भी बेअसर साबित हो रहे हैं।

### खेतों में मुरझाने लगीं उम्मीदें, किसानों की निगाहें आसमान पर

जिले भर के किसान इन दिनों टकटकी लगाए बादलों की तरफ देख रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से जारी खींचतान और तेज धूप के कारण खेतों में खड़ी फसलें मुरझाने लगी हैं। किसानों का कहना है कि अगर अगले एक-दो दिनों में झमाझम और जोरदार बारिश नहीं हुई, तो मेहनत पर पानी फिर जाएगा। अच्छी बारिश न केवल फसलों में नया जीवन फूंकने के लिए जरूरी है, बल्कि आने वाले साल के लिए भूजल स्तर (ग्राउंड वॉटर लेवल) को बनाए रखने के लिए भी बेहद आवश्यक है। अगर जलस्रोत रीचार्ज नहीं हुए, तो आने वाले दिनों में किसानों को गंभीर भूजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### अस्पतालों में हाउसफुल का बोर्ड, उमस ने बढ़ाई बीमारियां

मौसम के इस दोहरे रवैये और भयानक उमस का सीधा असर अब जनस्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। शहर और आसपास के इलाकों में घर-घर में लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, सिरदर्द और पेट संबंधी बीमारियों के मरीजों में अचानक भारी इजाफा दर्ज किया गया है।

आरके जिला अस्पताल सहित स्थानीय सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बाहर सुबह से ही मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। आउटडोर काउंटरों से लेकर दवा वितरण केंद्रों तक लोगों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि तापमान में उतार-चढ़ाव और अत्यधिक पसीने के कारण शरीर का इम्युनिटी सिस्टम प्रभावित हो रहा है, जिससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

कुल मिलाकर जिले के बाशिंदों से लेकर अन्नदाता तक, हर कोई इस समय एक ही दुआ मांग रहा है - ऐ काले बादल, अब तो झूम के बरस जा अब देखना यह है कि इंद्रदेव जिले वासियों की इस पुकार को कब सुनते हैं और कब उमस भरे इस माहौल से राहत की फुहारें बरसाते हैं।

# जीवन को राह से भटका देती है अनियंत्रित इच्छाएंः पं. जैन

## - दिगम्बर जैन समाज ने मनाया उत्तम संयम धर्म, सुगंध दशमी पर हुआ अनूठा धूप खेवन कार्यक्रम

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** जैन शास्त्रकार संस्थान सांगानेर से आए पं. आयुष जैन ने कहा कि संयम धर्म हमें माया रूपी संसार में मन व इन्द्रियों पर नियंत्रण करना सिखाता है। जीवन में संयम बेहद जरूरी है। जिस तरह घोड़े के लिए लगाम, हाथी के लिए अंकुश व गाड़ी यानि वाहन में ब्रेक का होना अति आवश्यक होता है, उसी तरह जीवन में संयम का होना जरूरी है। उन्होंने ये विचार दिगम्बर जैन समाज की ओर से शहर में मनाए जा रहे पर्युषण पर्व के छठे दिन सोमवार को यहां शांतिनाथ मंदिर में उत्तम संयम दिवस पर प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम स्वयं पर नियंत्रण रखें, क्योंकि मन व इन्द्रियां हमें बार-बार आकर्षणों की ओर ले जाती है तथा अनियंत्रित इच्छाएं जीवन को राह से भटका सकती है। इसलिए हमें अपनी इच्छाओं व इन्द्रियों पर विवेकपूर्वक नियंत्रण रखना चाहिए। इससे जीवन अनुशासित होकर सही दिशा में बढ़ेगा। संयम दिवस से व्यक्ति अपने मन, वचन व शरीर पर संयम रखने का महत्व समझता है। तथा उन्होने कहा कि हमें जीवन में उत्तम संयम को पालना चाहिए वहीं इन्द्रिय भोग व जीव हिंसा से बचना चाहिए। समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन सहित वरिष्ठजनों के सान्निध्य में हुए पूजा विधान के प्रारम्भ में शांतिनाथ भगवान का अभिषेक हुआ। इसके बाद शांतिधारा का विधान शुरू हुआ। मंत्रोच्चार के साथ काफी देर चले इस विधान में समाजजनों ने श्रद्धा से प्रभु को सेवा अर्पित की। विशेष रूप से शीतलनाथ भगवान की पूजा विधिपूर्वक की गई। समाज के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि पूजा विधानों में महावीर प्रसाद, हरीश्चंद्र, पुष्पा, मुकुल, प्रीति, अतुल, सारिका, विभूति देवी जैन, संदीप, सीमा, निलेश, नीलू, महेश, हेमलता, अनुज, शिवानी, अमन, आयुष, सुशील कुमार, रितु जैन परिवार आदि लाभार्थी रहे। इसी क्रम में सुगंध दशमी पर्व पर धूप खेवन का विशिष्ट कार्यक्रम हुआ। इसमें संध्या वेला में अग्नि प्रज्वलित की गई जहां समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक प्रभु के सम्मुख धूप खेवन की विधि पूर्ण की। धूप खेवन के दौरान पूरा परिसर सुगन्ध से महक उठा तथा धर्मानुरागियों के साथ परिवेश धर्म-अध्यात्म से सराबोर हो गया।

# पदयात्री सेवा शिविर का समापन, सहयोगी कार्यकर्ताओं का सम्मान

## - खूब हुई सेवा-सुश्रुषा व आवभगत, उपचार भी मिला - मेवाड़ व मालवा क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने लिया लाभ

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** जलझूलनी एकादशी के उपलक्ष्य में भगवान चारभुजानाथ के दर्शन के लिए गढ़बोर जाने वाले पदयात्रियों के लिए हरिहर सेवा संस्थान राजसमंद की ओर से राजमार्ग स्थित सेवाली मोड़ पर आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क सेवा शिविर सोमवार को सम्पन्न हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। शिविर में चार दिनों तक चित्तौड़, उदयपुर, बांसवाड़ा आदि जिलों के अलावा सीमावर्ती मध्यप्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों के श्रद्धालु पहुंचे। आखरी दौर में रविवार को हजारों यात्रियों के आगमन के बाद जलझूलनी एकादशी के पूर्व दिवस पर सोमवार को राजसमंद व आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का आना जारी रहा। भोर वेला से दोपहर तक श्रद्धालुओं के कई जत्थे चारभुजा जाते समय शिविर स्थल पर पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनकी आवभगत की वहीं कई यात्रियों को फिजियोथैरेपी उपचार भी दिया। संस्थान अध्यक्ष श्यामसुन्दर नवाल ने बताया कि सेवा मेवाड़ व मालवा अंचल से आए हजारों पदयात्रियों ने शिविर में लाभ उठाया। कार्यकर्ताओं ने इलका स्वागत सत्कार करने के साथ विशेष रूप से पदयात्रा के कारण अस्वस्थ हुए श्रद्धालुओं को उपचार मुहैया कराया जो सुकूनदायी रहा। फिजियोथैरेपी उपकरणों की मदद से थकान, जकड़न, मांसपेशियों में दर्द व पैरों में छालों का उपचार किया गया। दोपहर बाद हुए समापन कार्यक्रम में शिविर में सेवा कार्य करने वाले हिमांशु नवाल, नाथूसिंह, प्रकाश बाई, कमलाबाई, धीरज सरावगी आदि कार्यकर्ताओं का उपरणा ओढाकर व प्रभु की छवि देकर सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य का बीड़ा उठाने वाले संस्थान अध्यक्ष व समाजसेवी श्याम सुन्दर नवाल का प्रभु के जैकारों के साथ अभिनंदन किया। उललेखनीय है कि भामाशाह श्यामसुन्दर व मंजूलता नवाल की ओर से बीते डेढ़ दशक से जलझूलनी एकादशी पर हर वर्ष उक्त सेवा कार्य किया जा रहा है। साथ ही शहर में कई स्थानों पर वर्ष पर्यन्त आमजन के लिए निःशुल्क जल सेवा, चिकितसा शिविर आदि प्रकल्प चलाए जा रहे है। इधर क्षेत्र की कई सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ही अनेक प्रबुद्धजनों ने शिविर का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बताते हुए सराहा। साथ ही निःस्वार्थ भाव से किए जा रहे सेवा कार्यो के लिए समाजसेवी नवाल का सम्मान किया।

# राज्यावास में फुटबॉल का रोमांच चरम परः खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## - 19 वर्ष छात्रा वर्ग में भाणा बना विजेता

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** राउमावि राज्यावास में आयोजित 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की 35वीं जिलास्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को मैदान पर जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। जिलेभर से आई टीमों के खिलाड़ियों ने तेज रफ्तार, सटीक पासिंग, मजबूत डिफेंस और आक्रामक रणनीति के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के 19 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि भाणा ने प्रथम, राउमावि राज्यावास ने द्वितीय तथा नवप्रभात स्कूल एमड़ी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 17 वर्ष छात्रा वर्ग के मुकाबलों में राउमावि गवारड़ी और राउमावि एमड़ी की टीमें अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में पहुंच गई हैं। 17 वर्ष छात्र वर्ग में एलपीएस एमड़ी ने हरिता इंटरनेशनल को 1-0 से हराया। सोफिया पब्लिक स्कूल भावा और राउमावि एमड़ी के बीच खेले गए मैच में एमड़ी ने 1-0 से जीत दर्ज की। ऑरेंज काउंटी स्कूल ने राउमावि गवारड़ी को 2-0 से पराजित किया, वहीं नवप्रभात स्कूल एमड़ी को स्मार्ट स्टडी के खिलाफ वॉकओवर मिला। इसी तरह 19 वर्ष छात्र वर्ग में मेजबान राउमावि राज्यावास ने बालकृष्ण राउमावि कांकरोली को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ऑरेंज काउंटी कांकरोली ने मेहंदुरिया को 2-0 से हराया, जबकि राउमावि कुरज ने राउमावि ओड़ा को 3-0 से मात दी। आयोजन समन्वयक तुलसीराम सालवी ने बताया कि प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए खिलाड़ियों के आवास, भोजन, पेयजल और चिकित्सा की बेहतर व्यवस्था की गई है।

प्रतियोगिता संयोजक भगवतीलाल मेनारिया और केन्द्राध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार आचार्य के अनुसार तकनीकी दल और विद्यालय स्टाफ पूरी मुस्तैदी से अपनी सेवाएं दे रहा है। इस आयोजन में राज्यावास फुटबॉल क्लब और ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। खिलाड़ियों व तकनीकी दल के भोजन में भामाशाह रामलाल रेगर की ओर से विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले : खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से कुंवाथल स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। जनरल रेफरी चैनसिंह रावत ने बताया कि 19 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि कामला ने राउमावि बाघाना को 10-0 के अंतर से हराया। वहीं राउमावि आंजना ने राबाउमावि कुंवाथल को 5-0 से, राउमावि बरजाल ने ज्ञानोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 26-0 से तथा स्वादरी ने कुंवाथल को 38-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरी ओर राउमावि कुंवाथल के शारीरिक शिक्षक जितेंद्रसिंह और नितिन तिवारी ने छात्र वर्ग के परिणामों के बारे में बताया कि पीएमश्री राउमावि विजयपुरा ने राउमावि देवरिया को 52-0 के विशाल अंतर से शिकस्त दी। वहीं ज्ञानोदय आमेट ने सरस्वती स्कूल कुंवाथल को 15-0 से हराया। प्रधानाचार्य गणेश राम बुनकर ने बताया कि मुकाबलों की शुरुआत से पूर्व ग्राम पंचायत के प्रशासक श्रवण गुर्जर, विनोद गुर्जर, शंकर सिंह, बाबू खान तथा बरजाल के पीईईओ लक्ष्मणलाल ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### ताइक्वांडो में भारतीय टीम की कोच महालक्ष्मी चौहान का जिला कलेक्टर ने किया सम्मान



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** थाईलैंड में आयोजित ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारतीय टीम के कोच के रूप में प्रतिनिधित्व करने पर एमडी निवासी महालक्ष्मी चौहान का जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कलेक्ट्रेट में सम्मान किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने महालक्ष्मी की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर हसीजा ने कहा कि राजसमंद जिला खेल और कला प्रतिभाओं से समृद्ध है। यहां की ग्रामीण प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और जिले का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसी प्रतिभाओं को समय-समय पर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देना बेहद आवश्यक है, जिससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिल सके। इस दौरान डॉ जगदीश जीनगर, जाह्नवी कला परिषद के अध्यक्ष मनोज पोरवाड़, प्रेमशंकर भट्ट, हीरालाल गोयल, मानचंद चौहान, माया चौहान, शंकरलाल जीनगर और अंजना गोयल मौजूद थे।

### कपासन में कांग्रेस के बहुमत के बावजूद भाजपा का बोर्ड

#### क्रॉस वोटिंग के आरोपों से मचा सियासी घमासान



जयवर्द्धन न्यूज़

**चित्तौड़गढ़।** कपासन नगरपालिका में कांग्रेस के बहुमत के बावजूद सभापति पद भाजपा के खाते में जाने के बाद पार्टी की अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई। भाजपा की सरोज देवी को 25 में से 16 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला मोदी को 9 वोट मिले। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने चार पार्षदों पर क्रॉस वोटिंग के आरोप लगाए। कांग्रेस पदाधिकारियों और 9 पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया की भूमिका पर भी सवाल उठाए। प्रदेश कांग्रेस सचिव ललित बोरीवाल ने आरोप लगाया कि चार पार्षदों ने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ मतदान कर भरोसा तोड़ा है। उन्होंने चारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। पूर्व चेयरमैन एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद मोदी ने हार की सामूहिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की।

## संक्षिप्त खबरें

### सीमेन्ट फैक्ट्री के विरूद्ध रेल का अमराना वासियों ने हाईकोर्ट में की सिविल रिट पीटीशन दायर

**जबरन गांव के बेदखल करने का आरोप**

जयवर्द्धन न्यूज़

**चित्तौड़गढ़।** आदित्य सीमेन्ट फैक्ट्री सावा-शम्भुपूरा के फैक्ट्री प्रबंधक द्वारा जबरन ताकत के बल पर अपने घर, मकान, बाड़ों से बिना मुआवजा दिए गांव से भगाने का आरोप लगाते हुए अपने अधिवक्तागण जसवंतसिंह राठौड़ चित्तौड़गढ़ व सत्यप्रकाशसिंह जोधपुर के मार्फत राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के समक्ष एसबी सिविल रिट पीटीशन दायर की, जो न्यायालय में विचाराधीन होकर सुनवाई अगले सप्ताह रखी गई है।

मामलानुसार गांव रेल का अमराना ग्रामवासियों द्वारा आदित्य सीमेन्ट फैक्ट्री प्रबंधक व इनके कर्मचारियों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया गया जिसमें अपनी ताकत के दम पर बिना मुआवजा दिए गांव से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाये जा रहे हैं।

अपने रसूख के दम पर प्रशासन को अपने साथ लेकर पुलिस के मार्फत ग्रामवासियों के विरूद्ध झूठे मुकदमें लगाकर गांव से भगाने की नियत से परेशान किया जा रहा है। ग्रामवासियों के विरूद्ध दमनकारी नीति अपनाई जा रही है।

पूर्व में ग्रामवासियों ने चित्तौड़गढ़ में कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया और अपने अधिवक्तागणों के मार्फत नोटिस भी दिलवाया लेकिन फैक्ट्री प्रबंधक के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

ग्रामवासियों ने हाईकोर्ट के समक्ष न्याय की गुहार लगाई कि उन्हें अपनी रोजी रोटी व रिहायशी मकानों से जबरन बेदखल किया जा रहा है। झूठे-झूठे मुकदमें लगाते हुए जेल भिजवाने की धमकियाँ दी जा रही है। गांव खाली नहीं करने पर फैक्ट्री में नहीं घुसने देने की धमकी दी जा रही है। गांव से मात्र 150-200 मीटर दूर उनकी माईन्से संचालित होती है जिसमें बिना कोई सूचना दिए भारी भरकम ब्लास्टींग की जाती है जिससे घरों की छते टूट गई। हर समय मौत का साया सिर पर मंडराता रहता है।

### रिसड़ा विद्यापीठ एलुमनी ने मनाया हिन्दी पखवाड़ा



जयवर्द्धन न्यूज़

**हुगली ।** रिसड़ा विद्यापीठ एलुमनी वेलफेयर एसोसिएशन (रिसड़ा विद्यापीठ के पूर्व छात्रों का संगठन) के तत्वावधान में रिसड़ा में हिन्दी पखवाड़ा के तहत विभिन्न रसों से सराबोर कवि सम्मेलन का आयोजन किया ।

ई एन टी सर्जन डॉ राजकुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं सफल संचालन में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ रूपम महतो द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से किया गया ।

अतिथियों का स्वागत मुन्ना प्रसाद ने किया , कार्यक्रम में आमंत्रित काव्य स्वरों में मुख्य अतिथि नवीन सिंह, डॉ राजकुमार चतुर्वेदी, सूर्य कान्त चतुर्वेदी 'मोहन बैरागी' कमलापति पान्डे 'निडर ', रूपम महतो, स्वाति भारद्वाज, राजेश सिंह की रचनाओं ने श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया । उक्त कार्यक्रम में डॉ उत्तम चौबे, सत्यप्रकाश पाण्डे, ओम प्रकाश पाण्डे, शिव दयाल राय, समाजसेवी राजीव सिंह 'राजू ', अभिषेक मिश्रा, संतोष सिंह, डॉ सुधीर झा, सुशील पाण्डे, राहुल चतुर्वेदी, विद्यापति पाण्डे 'टाटा ', राजेश पाठक , उत्तम गुप्ता, महेश दीक्षित , राकेश सिंह, मनोज राम सहित कई अन्य गण मान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मौसम वैज्ञानिक डॉ गणेश कुमार दास के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया

### जिला स्तरीय अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पीथास के विक्रम और शिवराज सिंह रहे प्रथम

जयवर्द्धन न्यूज़

**भीलवाड़ा ।** शहर के कृष्ण विहार स्थित मानस एकेडमिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पीथास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विक्रम सिंह पंवार ने 40 से 42 किलोग्राम भार वर्ग तथा शिवराज सिंह सांखला ने 38 से 40 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दोनों खिलाड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीथास के विद्यार्थी हैं। प्रतियोगिता के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का परिचय देते



हुए शानदार प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने खिलाड़ियों की सफलता के लिए विद्यालय के संस्था प्रधान इंद्रपाल सिंह चुंडावत, शारीरिक शिक्षक मदनलाल खटीक सहित समस्त शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया।

# निकाय चुनाव के बाद सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज

जयवर्द्धन न्यूज़



**जयपुर।** राजस्थान के निकाय चुनाव परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने जयपुर में पार्टी के चुनावी वॉर रूम में समीक्षा बैठक के बाद पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग किया गया। वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों ने कथित रूप से पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाई, उनके मामलों की पार्टी स्तर पर समीक्षा की जाएगी। वेणुगोपाल ने निकाय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच वोट प्रतिशत के अंतर का भी उल्लेख किया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भाजपा को 35.18 प्रतिशत और कांग्रेस को 34.24 प्रतिशत वोट मिले, यानी दोनों दलों के बीच अंतर 0.94 प्रतिशत अंक रहा। हालांकि वार्ड जीत के मामले में भाजपा 4,179 और कांग्रेस 3,613 वार्डों पर विजयी रही। निर्दलीयों ने भी 2,273 वार्डों में जीत दर्ज की।कांग्रेस ने अजमेर और पाली सहित कुछ निकायों में बहुमत के बावजूद बोर्ड नहीं बन पाने के मामलों की जांच की बात कही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी चुनाव के दौरान प्रशासनिक तंत्र के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे प्रदेश के परिणामों की समीक्षा के लिए रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। वहीं, चुनाव के संबंध में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और अंतिम निष्कर्ष अलग-अलग मामलों की जांच तथा उपलब्ध आधिकारिक रिकॉर्ड के आधार पर ही तय हो सकेंगे। लोकतंत्र में चुनाव परिणाम के बाद राजनीतिक दलों द्वारा समीक्षा और आरोप-प्रत्यारोप सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन चुनावी संस्थाओं और प्रशासन पर लगाए गए गंभीर आरोपों का समाधान तथ्यात्मक जांच और संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से होना चाहिए। निकाय चुनावों ने एक बार फिर यह भी दिखाया है कि स्थानीय राजनीति में केवल दलों का समर्थन ही निर्णायक नहीं होता। निर्दलीय उम्मीदवारों की बड़ी संख्या में जीत बताती है कि स्थानीय स्तर पर उम्मीदवारों की व्यक्तिगत पकड़, क्षेत्रीय मुद्दे और स्थानीय समीकरण भी चुनाव परिणामों को प्रभावित करते हैं। अब चुनाव परिणाम आने के बाद राजनीतिक दलों के सामने दोहरी जिम्मेदारी है। उन्हें एक ओर अपने प्रदर्शन की ईमानदारी से समीक्षा करनी होगी, वहीं दूसरी ओर यदि चुनाव प्रक्रिया को लेकर कोई शिकायत है तो उसे उचित संवैधानिक और कानूनी मंच पर तथ्य एवं प्रमाण के साथ उठाना होगा। जनता के लिए भी सबसे महत्वपूर्ण यही है कि चुनावी विवादों का समाधान आरोपों से नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से हो।

# आधी रात खुला राजस्थान हाईकोर्ट : बीकानेर नगर निगम पार्षद मकसूद अहमद को बड़ी राहत, गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक

जयवर्द्धन न्यूज़

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में रविवार देर रात एक असाधारण घटनाक्रम देखने को मिला, जब बीकानेर नगर निगम के एक चुनावी मामले की गंभीरता और तात्कालिकता को देखते हुए रात के समय अदालत खोली गई। रविवार रात करीब 10 बजे याचिका दायर होने के तुरंत बाद जस्टिस सुनील बेनीवाल की एकलपीठ (विशेष बेंच) का गठन किया गया और मामले की सुनवाई की गई। अदालत ने बीकानेर के वार्ड संख्या 18 से निर्वाचित पार्षद मकसूद अहमद की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की और उनकी गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी।




### क्या है पूरा मामला?

नोटिस और आशंका: वार्ड संख्या 18 के पार्षद मकसूद अहमद को करीब दो महीने पुरानी एक प्राथमिकी (एफआईआर) के सिलसिले में 15 सितंबर को गवाह के तौर पर नोटिस भेजा गया था। नोटिस में उन्हें 19 सितंबर को अपने आवास पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे, जिसका जवाब उन्होंने 20 सितंबर को प्रस्तुत किया।

मेयर चुनाव से पहले गिरफ्तारी का डरः सोमवार (21 सितंबर) को बीकानेर नगर निगम में महापौर (मेयर) पद के लिए मतदान होना है। ऐसे में 20 सितंबर की शाम पुलिस द्वारा संभावित गिरफ्तारी की आशंका जताई गई, जिससे वे मतदान प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित रह सकते थे। गिरफ्तारी के खतरे और चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रविवार देर रात करीब 10 बजे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने तत्परता दिखाते हुए जस्टिस सुनील बेनीवाल की एकलपीठ में तुरंत सुनवाई की व्यवस्था की।

### अदालत का फैसला और कानूनी पैरवी

एकलपीठ ने याचिका पर विचार करते हुए पार्षद मकसूद अहमद को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण दिया और उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी। इस आदेश के बाद सोमवार को होने वाले मेयर चुनाव में उनके मतदान में शामिल होने की राह प्रशस्त हो गई है। यह याचिका अधिवक्ता कौशल गौतम के माध्यम से प्रस्तुत की गई थी। अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता सचिन आचार्य ने पैरवी करते हुए पक्ष रखा।

# सात साल की बालिकाओं से लेकर 60 साल के 'पट्टेबाज' बहा रहे पसीना,शोभायात्रा के लिए जोरदार तैयारियां

**अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा में दिखेगा सनातन शौर्य और कौशल का महासंग्राम**

**कोटा।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर में निकलने वाली ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा को लेकर कोटा के पारंपरिक अखाड़ों में इन दिनों जो नजारा देखने को मिल रहा है, वह किसी फिल्मी सीक्वेंस से कम नहीं है। सनातन संस्कृति की इस अनूठी परंपरा को जिंदा रखने के लिए शहर के प्राचीन अखाड़ों में युवा पट्टेबाज दिन-रात एक कर रहे हैं। इस बार शोभायात्रा में केवल मलखंभ का जादू ही नहीं, बल्कि लाठी, बर्नेठी, चकरी और ऐसे साहसिक करतब देखने को मिलेंगे कि देखने वालों की सांसें थम जाएंगी!

### संवार रहे माटी की कला

पारंपरिक खेल ह्यमलखंभह्न को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने वाली ह्यहरदौल व्यायामशालाह्न इन दिनों चर्चा के केंद्र में है। यहां नेशनल कोच व रेफरी गोपाल सिसोदिया के मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि कोच सिसोदिया ने ट.ढ.एंं. की डिग्री और एक शानदार सरकारी नौकरी के अवसर को सिर्फ इसलिए ठुकरा दिया ताकि वे अपना पूरा जीवन इस प्राचीन खेल को समर्पित कर सकें। आज यहाँ 7 साल की नन्हीं बालिकाओं से लेकर नेशनल मेडलिस्ट युवा तक रोज 4 से 6 घंटे पसीना बहा रहे हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे पारंपरिक गढ़ों को पछाड़ते हुए कोटा के इन धुरंधर खिलाड़ियों ने नेशनल प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक जीतकर शहर का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। इस बार शोभायात्रा में मात्र 90 सेकंड में 22 डिफिकल्टी एलिमेंट्स और पोल-रोप पर होने वाले हैरतअंगेज करतब मुख्य आकर्षण होंगे।

### यहां पर 80 पहलवान

स्वामी विवेकानन्द व्यायाम शाला औद्योगिक क्षेत्र डीसीएम चौराहे के पास, दंडवीर हनुमान मंदिर के समीप स्थित स्वामी विवेकानन्द व्यायाम शाला कोटा की पुरानी संस्थाओं में से एक है। लगभग 1987 से संचालित इस व्यामशाला की स्थापना राधावल्लभ शर्मा ने की थी। इस व्यायामशाला में आज भी पारंपरिक अखाड़े की संस्कृति जीवित है। अनंत चतुर्दशी की तैयारियों के तहत यहाँ शाम से रात तक अखाड़े की सामग्रियों की रंगाई और पारंपरिक अभ्यासों का दौर शुरू हो चुका है। दो दर्जन बालिकाओं सहित करीब 80 सदस्य यहाँ लाठी, गदा और आग के गोलों के साथ अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।





### तड़के ही जुट जाते हैं अखाड़ेबाज

अखाड़े के संचालक राजेन्द्र कुमार लक्षकार ने बताया कि शाम 5 बजते ही अखाड़े बाज जुटने लग जाते है। 10 साल से लेकर 60 साल तक के पट्टेबाज शरीर की कसरत करने के बाद लकड़ियों व तरवारों से कलाबाजीयां करते हुए पहले 5 दिन तक पुराने पैंतरों व अपने अपने तरीके के खेलों के लिए तैयारियों पर लग जाते है। अभी केवल 6 दिन बाकि रह गए है ऐसे में कल से लगभग सभी साथी पट्टेबाज पुरी तरह से आने लग जाएंगे।

### कोई लकड़ी तो कोई तलवार से बचा रहा वार

अखाड़े में एक उपर एक के रूप में मानव पिरामिड़ बनाकर एक साथ 3 खिलाड़ी चकरी चला रहे है। कोई अकेले ही चकरी को हवा में उछाल रहा है तो दूसरा आकर उसे फिर से पकड़ कर घुमा रहा है। आपस में लाठी से भिड़ते पट्टे बाज जैसे एक बार तो लगता है कि मानो किसी एक का तो सिर फूट ही जाएगा पर तभी दूसरा भी अपने सिर पर आए वार को पावों की चाल से हटकर अपना वार चल देता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।